(iv) इस्पात मंत्रालय संबंधी अनुदान मांगों (2021-22) के संबंध में अठारहवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में चौबीसवां प्रतिवेदन;

(v) कोयला मंत्रालय के संबंध में कोयला संरक्षण और देश भर में कोयले के परिवहन के लिए अवसंरचनाओं के विकास के संबंध में उन्नीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में पच्चीसवां प्रतिवेदन; और

(vi) इस्पात मंत्रालय संबंधी लीज़ पर दिए गए इस्पात खनिज की खानों के विकास और अधिकतम क्षमता के उपयोग के संबंध में बीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में छब्बीसवां प्रतिवेदन।

---

## REPORTS OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND NATURAL GAS

**चौधरी सुखराम सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं विभाग-संबंधित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी संसदीय स्थायी समिति (2020-21) के निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूंः-

(i) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अनुदान मांगों (2021-22) संबंधी समिति के पांचवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में सातवां प्रतिवेदन; और

(ii) 'खुदरा बिक्री केन्द्रों और एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के आबंटन' विषय पर आठवां प्रतिवेदन।

---

## REPORTS OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा** (गुजरात) : महोदय, मैं विभाग-संबंधित सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी संसदीय स्थायी समिति (2020-21) के निम्नलिखित प्रतिवदेनों की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखती हूंः-

(i) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग) के 'निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2016 (एसआईपीडीए) की कार्यान्वयन योजनाओं का मूल्यांकन' विषय पर तेईसवां प्रतिवेदन;

(ii) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) की अनुसूचित जाति उपयोजना की विशेष केंद्रीय सहायता योजना (एस.सी.एस.पी. की एस.सी.ए.) के कार्यकरण के मूल्यांकन संबंधी समिति के चौसठवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में चौबीसवां प्रतिवेदन; और

(iii) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अनुदान मांगों (2021-22) संबंधी समिति के बाईसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समुक्तियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में पच्चीसवां प्रतिवेदन।

---

## REPORTS OF THE DEPARTMENT- RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON URBAN DEVELOPMENT

**श्री सुशील कुमार मोदी** (बिहार): महोदय, मैं शहरी विकास संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं:

(i) पथ विक्रेता अधिनियम (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय अधिनियम, 2014 का विनियमन) के कार्यान्वयन संबंधी आठवां प्रतिवेदन; और

(ii) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की अनुदान मांगों (2021-22) पर की गई कार्रवाई संबंधी नौवां प्रतिवेदन।

---

## STATEMENTS BY MINISTERS

### Status of implementation of recommendations contained in the Twenty-Fifth Report of the Department-Related Parliamentary Standing Committee on Agriculture

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर):** महोदय, मैं कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों (2021-22) के संबंध में विभाग संबंधित कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति के पच्चीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।